# Alumni Meet 2019 - Feb 07, 2019

## एलुमनी मीट में पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव

देहरादून। इक्फाई विश्वविद्यालय में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ने अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही नए छात्रों को कामयाबी के टिप्स दिए। विवि के कुलपति डा. पवन कुमार अग्रवाल ने पूर्व छात्रों को विवि की धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से निकले छात्र देश-विदेश में काबिलियत का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने विवि की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। प्रो. वाइस चांसलर ब्रिगेडियर रिटायर्ड राजीव सेठी ने पूर्व छात्रों को सम्मानित किया।

### ओडिसा के गोठीपुआ नृत्य ने समां बांधा

देहरादून। स्पिक मैके की ओर से नारी निकेतन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने ओडिसा का गोठी पुआ नृत्य प्रस्तुत कर समा बांधा। सोमवार को केदारपुरम स्थित नारी निकेतन में स्पिक मैके की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नारी निकेतन की संवासिनियों, महिलाओं, शिशु गृह व बालिका निकेतन के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर स्पिक मैके के कार्यकर्ताओं ने ओडिसा का गोठी पुआ नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कोणार्क नाट्य मंडल ने नाटक के माध्यम से ओडिसा की लोक कथाओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अपिर सचिव व निदेशक महिला कल्याण योगेंद्र यादव, मुख्य परिवीक्षा अधिकारी मोहित चौहान, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, बालिका एवं शिशु निकेतन की अधीक्षिका कंचन आर्य, मीना सिंह और सुनीता सिंह आदि मौजूद रहे।

**Rashteriya Sahara**

# इक्फाई में एलुमिनाई मीट आयोजित

**कॉलेज के पुराने स्टूडेंट्स ने साझा किए अपने अनुभव**

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



एलुमिनाई मीट के दौरान स्टूडेंट और फैकल्टी.

**यूनिवर्सिटी के टीचर्स स्टूडेंट्स का बढ़ाया हौसला**

**DEHRADUN (7 Feb):** इक्फाई यूनिवर्सिटी ने अपने पुराने स्टूडेंट्स के लिए एलुमिनाई मीट का आयोजन किया. इस अवसर पर आईयूडी के कुलपति डा. पवन कुमार अग्रवाल का स्पेशल स्वागत किया गया. प्रो. डॉ. मुदु विनय वाइस चांसलर, आईयूडी और ब्रिगेडियर रिटायर्ड राजीव सेठी रजिस्ट्रार आईयूडी ने इक्फाई के पुराने स्टूडेंट्स से मुलाकात करते हुए खुशी जाहिर की. कार्यक्रम के दौरान पुराने स्टूडेंट्स ने अपने जीवन व कॉलेज के अनुभवों को साझा किए.

Classifieds
Friendship
SONALI FRIENDSHIP SERVICE

**I-Next Jagran**



## पूर्व छात्र होते हैं कॉलेज का आईना : पवन

सेलाकुई। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व छात्रों से नए छात्रों को प्रेरणा मिलती है। छात्र किसी भी शिक्षण संस्थान का आईना होते हैं। ये बातें इक्फाई विवि के कुलपति डॉ. पवन कुमार अग्रवाल ने कहीं। वह इक्फाई विश्वविद्यालय सेलाकुई में आयोजित एल्यूमनी मीट में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्थान से पास आउट छात्रों का समाज में प्रदर्शन उस शिक्षण संस्थान की उपलब्धियों को दर्शाता है। पूर्व एवं वर्तमान छात्रों का मिलन शिक्षण संस्थान की प्रगति व छात्रों के भविष्य के लिए जरूरी है। कुलसचिव ब्रिगेडियर राजीव सेठी ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। जबकि, पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करने के साथ ही अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सफलता के गुर बताए। समारोह के समापन पर विश्वविद्यालय की ओर से सभी पूर्व छात्रों को स्मृति चिह्न दिए गए। ब्यूरो

**Amar Ujala**

# हल निकालने के लिए उठाएं कदम

देहरादून। आईसीएफएआई विश्वविद्यालय ने छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पूर्व छात्र डॉ. जितेंद्र पंत के एक कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. जितेंद्र पंत का अमेरिका के जॉर्जिया विश्वविद्यालय से पीएचडी हैं और उनके क्रेडिट में सात पेटेंट और 19 गुणवत्ता प्रकाशन है। शुक्रवार को इस अवसर पर डॉ. पंत ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भाग्य अपने हाथों में होता है। असफलताओं के लिए परिस्थितियों को दोष दिए बिना सपनों को साकार करने के लिए खुद को तैयार करने की जरूरत है। नकारात्म परिस्थितियों को भी अवसरों के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि असफलता के कारणों की पहचान करनी चाहिए और उद्देश्य प्राप्त होने तक समाधान खोजने की लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

**Dainik Bhaskar**



# मोटिवेशनल कार्यक्रम में पूर्व छात्र ने साझा किये विचार

**Hindustan**

# छात्रों का भाग्य उनके ही हाथों में: डा. पंत

**● इक्फाई के पूर्व छात्र ने वर्तमान छात्रों के लिए आयोजित किया मोटिवेशनल कार्यक्रम**




शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। आईसीएफएआई विश्वविद्यालय (इक्फाई) ने अपने वर्तमान छात्रों को मोटिवेशन देने के लिए पूर्व छात्र डा. जितेन्द्र पंत द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति डा. पवन के अग्रवाल ने विश्वविद्यालय बैच 2006-10 के पूर्व छात्र डा. जितेंद्र पंत का स्वागत किया। जो अमेरिका के जसर्जिया विश्वविद्यालय से पीएचडी हैं और उनके क्रेडिट में सात पेटेंट और 19 गुणवत्ता प्रकाशन है।

डा. जितेन्द्र पंत ने अपने विचारों और समृद्ध अनुभव, सहकर्मी समीक्षा पत्रिकाओं के संपादकीय सदस्य, वैज्ञानिक और एक पालिश प्रेरक व्यक्तित्व को विश्वविद्यालय के वर्तमान छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने इस अवधारणा पर जोर दिया कि आपका भाग्य आपके हाथों में है, और आपको अपनी असफलताओं के लिए परिस्थितियों को दोष दिए बिना अपने सपनों को साकार करने के लिए खुद को तैयार करने की आवश्यकता है, जिसे किसी भी मामले में, अवसरों के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि असफलता के कारणों की पहचान करनी चाहिए और उद्देश्य प्राप्त होने तक समाधान खोजने की लिए आश्यक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने छात्रों को बताया कि आत्म विकास के मार्ग पर, व्यक्ति को अपनी आंतरिक आवाज को सुनना चाहिए और पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में सुधाकर राव, निदेशक ब्रांडिंग, आईसीएफएआई समूह ने जोर दिया कि पूर्व छात्र विश्वविद्यालय के सबसे बड़े हितधारक हैं। इस मौके पर आईएलएस मोनिका खरीला, सुशांत शारंगी, दिवाकर दास, आईटीएस जीएफ चक्रवर्ती, संजीव कुमार, केके राणा साहित छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

**Shah Times**

# छात्रों को बताए सफलता के मंत्र

## इक्फाई विवि सेलाकुई में मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

**विकासनगर।** इक्फाई विश्वविद्यालय सेलाकुई में शुक्रवार को छात्रों के लिए मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पूर्व छात्रों के साथ ही कुलपति एवं प्राध्यापकों ने छात्रों को सफलता के मंत्र बताए।

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. जितेंद्र पंत ने कहा कि व्यक्ति का भाग्य उसके हाथों में होता है। अपनी असफलताओं के लिए परिस्थितियों को दोष दिए बिना अपने सपनों को साकार करने के लिए खुद को तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों को बताया कि उद्देश्य प्राप्त नहीं होने तक समाधान खोजने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्राध्यापकों ने छात्रों को लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी ईमानदारी से काम करने और असंभव को संभव बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।



मोटिवेशनल कार्यशाला में मौजूद शिक्षक और छात्र। अमर उजाला

इस दौरान कुलपति डॉ. पवन कुमार अग्रवाल, प्रति कुलपति डॉ. मुड्डू विनय, कुलसचिव ब्रिगेडियर राजीव सेठी, प्रो. सरिता नेगी, सुधाकर राव आदि मौजूद रहे।

**Amar ujala**